तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


शुक्रवार की देर रात डीपूपारा और तारबाहर क्षेत्र में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया।

## खबर संक्षेप


### विधायक पटेल लेंगे कांग्रेस की बैठक आज

**बिलासपुर।** कांग्रेस की किसान-जवान-संविधान आमसभा की तैयारी को लेकर कार्यक्रम प्रभारी विधायक उमेश पटेल शनिवार को कांग्रेस भवन में बैठक लेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय एवं जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि सात जुलाई को रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की आमसभा साइंस कालेज मैदान रायपुर में होगी। इस आमसभा की तैयारी को लेकर 5 जुलाई को दोपहर 3 बजे कांग्रेस भवन में पूर्व मंत्री विधायक उमेश पटेल बैठक लेंगे। बैठक में तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा, मस्तूरी, कोटा और बिलासपुर विधानसभा के प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे।

### एएसआई की पदोन्नति बने एसआई

**बिलासपुर।** एसएसपी ने जिले के दो सहायक उपनिरीक्षकों को पदोन्नत करते हुए उप निरीक्षक पद पर पदस्थापना दी है। एसपी ने राजा राम ध्रुव और जितेश छत्री को एसआई बनाया है। बिलासपुर पुलिस के दो अनुसचिव अधिकारी जितेश सिंह छत्री और राजाराम ध्रुव सउनि(अ)से उ नि(अ) पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। एसएसपी ने स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान डीएसपी रश्मित कौर चावला तथा डीएसपी मंजुलता केरकेट्टा उपस्थित रहे।


**बिलासपुर।** मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत 7 जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है, बिलासपुर को इसमें शामिल किया गया है। इधर अरपा भैंसाझार बांध से पानी छोड़े जाने के कारण शुक्रवार को अरपा की धार तेज हो गई और दोमुंहानी में बने एनीकट में लबालब पानी भर गया।


इंदिरा सेतु के नीचे शुक्रवार को कुछ मछुआरे पानी में फंस गए। एसडीआरएफ की टीम ने उन्हें बाहर निकाला।

# फार्म हाउस में पुलिस का छापा, 17 जुआरी पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी थाना क्षेत्र के बिरकोना स्थित एक फार्म हाउस में शुक्रवार की रात सीपत पुलिस ने छापा मारा, यहां 17 जुआरी दांव लगाते पकड़े गए। पुलिस ने मौके से एक लाख 14 हज़ार रुपए जब्त किया है। बताया जा रहा है कि फार्म हाउस बीजेपी के पार्षद का है और छापे की सूचना लीक होने का अंदेशा था , इसलिए उच्च अधिकारियों ने कोनी पुलिस की जगह सीपत पुलिस को कार्रवाई के लिए भेजा। पकड़े गए 17 जुआरी में 2 पार्षद भी शामिल है। मामला पार्षदों से जुड़ा होने के कारण रात भर थाने में हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

- एक लाख 14 हजार रुपए जब्त
- सीपत पुलिस ने की कार्रवाई

शुक्रवार की देर रात पुलिस के उच्च अधिकारियों को उक्त फार्म हाउस में जुआ खेले जाने की सूचना मिली, अधिकारियों के निर्देश पर सीपत पुलिस बिरकोना के फार्म हॉउस पहुंची। पुलिसकर्मियों ने फार्म हाउस को चारों ओर से को घेर लिया, पुलिसकर्मी जैसे ही फॉर्म हाउस में घुसे, वैसे ही जुआरियों में हड़कंप मच गया और वे जुआरी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को दबोच लिया। मौके पर पुलिस को दो पार्षद समेत 17 जुआरी मिले, इनके पास से 1 लाख 14 हज़ार रुपए भी बरामद किए गए। सीपत पुलिस ने रेड डालने के बाद कोनी पुलिस को सूचना भेजी, इसके बाद कोनी पुलिस को मामले की जानकारी मिली, लेकिन रात तक मामले को दबाने का प्रयास चलता रहा। कोनी टीआई ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

### थाने में देर रात तक चलता रहा हाई वोल्टेज ड्रामा

#### भाजपा नेताओं सहित अन्य गिरफ्तार आरोपी

- रामभजन साहू पिता अच्चा राम साहू उम्र 45 साल निवासी अशोक विहार सरकण्डा
- लाला राम साहू पिता हरिराम साहू उम्र 45 साल निवासी लिंगियाडीह सरकण्डा
- दुर्गेश मानिकपुरी पिता लक्ष्मण दास उम्र 37 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- डोमन राजपूत पिता तारूसिंह राजपुत उम्र 37 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- भागवत साहू पिता शंकर उम्र 42 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- बसंत राजपूत पिता बद्री सिंह राजपुत उम्र 32 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- रामेश्वर वर्मा पिता रामदयाल उम्र 43 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- विनय शर्मा पिता स्व अजय शर्मा अर 34 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- मनोज सिंह पिता चत्तूर सिंह उम्र 38 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- गणेश वर्मा पिता रतनलाल वर्मा उम्र 32 साल निवासी सूर्या चौक सरकण्डा
- प्रतीक यादव पिता ब्रम्हाचंद यादव उम्र 32 साल निवासी रामायण चौक सरकण्डा
- उत्तम देवागन पिता लखन लाल देवांगन उम्र 35 साल निवासी चिंगराज पारा सरकण्डा
- लक्ष्मण साहू पिता सोनू लाल उम्र 28 साल निवासी चिंगराज पारा
- नीरज पिता राजेश्वर सोनी उम्र 35 साल निवासी जिरकोना
- अंकुश पिता महेश गुप्ता उम्र 45 साल निवासी चांटीडीह सरकण्डा
- विजेन्द्र मिश्रा पिता राममनोहर उम्र 39 साल निवासी अशोक नगर सरकण्डा
- अनिवेश रजक पिता जय रजक उम्र 29 साल निवासी तेलीपारा

# 756 टिकिट दलालों से जब्त की 2 करोड़ 43 लाख की टिकिट

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन में रेलवे सुरक्षा बल ने ई-टिकिट की दलाली करने वालों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान आरपीएफ की टीम नें अलग-अलग स्थानों से 756 ई-टिकिट दलालों को पकड़ा है, जिनके पास से 2 लाख 43 लाख रुपए से अधिक की टिकिट जब्त की गई है।

जोन से मिली जानकारी के अनुसार रेल यात्रियों को आरक्षित बर्थ के साथ आरामदायक सफर करने की सुविधा उपलब्ध कराने कई प्रकार की सुविधाएं दी गई है। बिना रेलवे स्टेशन गए अपने आसपास ही कम्प्यूटर एवं मोबाइल के माध्यम से यात्रा टिकिट बुकिंग करने हेतु ई-टिकिट की सुविधा भी इन्ही में से एक है। इस सुविधा का लाभ भी रेल यात्रियों को मिल रही है एवं इसे कम समय में काफी लोकप्रियता भी हासिल हुई है। विगत कुछ समय से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों और आसपास ऐसे क्षेत्र जहां रेल लाइन तक नहीं पहुंची है, उन स्थानों पर ई-टिकिट की सुविधा में टिकिट दलाल नियम के विरूद्ध टिकिट की बुकिंग व कालाबाजारी करते हैं। समय-समय पर रेलवे के वाणिज्य तथा रेलवे सुरक्षा बल विभाग के स्टाफ इसके खिलाफ छापामार कार्रवाई भी कर रहे हैं, जिसके बावजूद टिकिट की दलाली कम नहीं हो रही है। पिछले कुछ माह से अवैध टिकिट दलालों के विरूद्ध प्रति माह दो से तीन स्पेशल ड्राइव तीनों मंडल में अपराध गुप्तचर शाखा की टीम को शामिल करते हुए चलाया जा रहा है, जिसमें कुछ दिन पहले 30 अवैध टिकिट दलालों को एक साथ गिरफ्तार किया गया है।

# शिक्षा विभाग का सहायक संचालक सस्पेंड

### वीडियो वायरल होने के बाद की गई कार्रवाई

**बिलासपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिलासपुर शिक्षा संभाग के सहायक संचालक मुकेश कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर अधिकारियों और शिक्षकों के साथ अमर्यादित तरीके से बात करने, दुर्व्यवहार और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप है। इस पूरी घटना का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग की छवि धूमिल होने पर यह कड़ा कदम उठाया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा 4 जुलाई 2025 को जारी आदेश के अनुसार, यह मामला 13 जून 2025 का है। शिक्षक साझा मंच द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दौरान ज्ञापन सौंपते समय सहायक संचालक मुकेश कुमार मिश्रा ने नशे की हालत में वहां मौजूद पदाधिकारियों और शिक्षक / शिक्षिकाओं से अमर्यादित तरीके से बात की और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि इस घटना के दौरान की गई गाली-गलौज और अनुशासनहीनता का वीडियो वायरल हो गया, जिससे विभाग की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। शासन ने श्री मिश्रा के इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचरण माना है। इसी के चलते, राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9(1)(क) के तहत श्री मुकेश कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर नियत किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व ज़रूरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।




अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी " TOD PHOD SALE "! देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रूरत होगी पूरे स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.



## खबर संक्षेप

### पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए पौधरोपण महाअभियान आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिले में पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के लिए 5 जुलाई से महाअभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य जिले को हरा भरा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जल को संरक्षित करने की दिशा में अग्रसर करना है। शासन के सभी विभाग के समन्वय, स्थानीय समुदाय के सहयोग एवं पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को महाअभियान में जोड़कर इस कार्य को विशेष रूप से किया जा रहा है। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। वन उद्यान, पंचायती राज एवं शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के खाली शासकीय भूमियों पर नर्सरी निर्माण, स्कूलों में पौधरोपण, सड़क के किनारे पौधरोपण किया जाना है। साथ ही साथ गोठानो में सीएलएफ के माध्यम से पौधों का रोपण किया जाएगा।

### लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल की नई कार्यकारिणी का गठन



**बिलासपुर।** लायंस इंटरनेशनल 3233 सी रीजन 3 जोन 2 सत्र 2025-26 के लिए रॉयल क्लब की संचालक मंडल की बैठक में लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल के नए पदाधिकारियों का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष डॉ बरखा रानी सिंह, सचिव डॉ कमल छाबड़ा, कोषाध्यक्ष शंकर आहूजा को पदभार सौंपा गया। क्लब इंटरनेशनल की पोस्ट पर क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ कमल छाबड़ा, एलसी आईएफ कॉर्डिनेटर रोहन शाह, क्लब मार्केटिंग परमजीत सिंह उपेजा, क्लब आईपी चेयरपर्सन एकता मलिक, क्लब डायरेक्टर प्रवीन सलूजा, क्लब सर्विस चेयरपर्सन कमल टुटेजा, क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन अश्विंदर सिंग, क्लब पीआरओ प्रशांत सिंह को नियुक्त किया गया।

### जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के शिविर में 263 लोगों ने बनवाई नई नंबर प्लेट



**बिलासपुर।** शासन द्वारा 2019 के पहले सभी गाड़ी के नंबर प्लेट्स बदलने का निर्देश दिया गया है। इस लेकर जूना बिलासपुर व्यापारी संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। शिविर के आयोजक जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि शिविर रौनित कंप्यूटर ओम विद्या मंदिर के पास जूना बिलासपुर में रखा गया था। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक और 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक था। तय दिनांक के पहले सभी लोगो को अपना गाड़ी का नंबर प्लेट बदलवाने की अपील की गई है। ताकि चालान से बच सके । मांग ज्यादा होने के कारण कुछ दिनों के बाद यह शिविर फिर लगाया जाएगा।

### मजदूर कांग्रेस में सालों से जमे अध्यक्ष तपन हटे, नए अध्यक्ष बने सॉइन



**बिलासपुर।** दपमरे बिलासपुर यूनियन मजदूर कांग्रेस में सालों से अध्यक्ष पद पर जमे तपन चटर्जी ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसके बाद नए अध्यक्ष के पद पर डीके स्वाइन और महामंत्री के पद पर पीतांबर लक्ष्मीनारायण को चुन लिया गया है। एसईसीआर मजदूर कांग्रेस का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन 2 और 3 जुलाई को आयोजित किया गया। इसमें रेल कर्मचारियों के हितों के लिए कई प्रस्ताव पारित करने के साथ 24 केन्द्रीय पदाधिकारी भी चुने गए। जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन व महामंत्री लक्ष्मीनारायण निर्वाचित हुए। जोनल अध्यक्ष के पद पर डीके स्वाइन को पूर्व जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी के इस्तीफे के खाली पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। गोपी राव ने बताया कि अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुम्बई के अध्यक्ष प्रवीण बाजपेयी, वेस्ट सेंट्रल रेलवे संघ के महामंत्री अशोक शर्मा उपस्थित थे। अधिवेशन में केन्द्रीय पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित पदाधिकारियों में जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन, जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र कुमार धल, संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री, बी कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, इंदल दमाहे, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े, जीएस आइच, डीडी महेश, शुभम उपाध्यक्ष, राजेश सोनकर, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष युवा साई किरण को बनाया गया।

### स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** स्कूल जा रही नाबालिग लकड़ी से रास्ते में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। प्राथिंया गुरूवार को स्कूल जा रही थी। इस दौरान मोहल्ले के भोलू मानिकपुरी अपने साथियों के साथ लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगा। लड़की मना करने पर उसे अश्लील गालीगलौच किया और हाथ पकड़कर मारपीट की। इसकी शिकायत सरकंडा थाने में दर्ज कराई गई। टीआई ने टीम तैयार कर आरोपियों की पतासाजी की और घेराबंदी कर आरोपी भोलू उर्फ विकास दास मानिकपुरी को अशोक नगर अटल आवास से गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू लेकर घूम रहे युवक को घेराबंदी कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरेराह चाकू लेकर भयादोहन करने वाले युवक को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चालू बरामद कर लिया है। मुखबीर से सूचना मिली की जूना बिलासपुर, हटरी चौक के पास एक युवक धारदार चाकू लेकर घुम रहा है इस दौरान वह लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी बादल गुप्ता के पास से 14 इंच लंबा चाकू बरामद किया गया है। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

---

**ऑपरेशन तलाश** बिलासपुर पुलिस प्रथम, राज्य में 4500 लोगों को अपने परिजन से मिलाया गया

# बिलासपुर पुलिस ने 1056 लापता लोगों को अन्य राज्यों से ढूंढ़ निकाला




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। इसका नतीजा भी सामने आ रहा है।

राज्य में गुम इंसान के लिए तलाश ऑपरेशन व मुस्कान चलाया रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम मिल रहा है। अब तक साढ़े 4 हजार लोगों को अपने परिजनों से मिलाया गया है। इसमें सर्वाधिक बच्चे है। इसमें बिलासपुर के 1056 लोग भी शामिल हैं। ऑपरेशन मुस्कान की सफलता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम द्वारा गुम महिला एवं पुरूषों के खोजबीन हेतु ऑपरेशन तलाश के रूप में एक विशेष अभियान चलाया गया। बालिग वर्ग के व्यक्तियों के तलाश की दिशा में राज्य का यह पहला अभियान है। पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव के मार्गदर्शन में जून माह में ऑपरेशन तलाश चलाया गया। इस दौरान प्रदेश में बिलासपुर पुलिस सिरमौर साबित हुई। बिलासपुर के 1056 लापता लोगों को अन्य राज्यों से ढूंढ़ निकाला गया और इस आपरेशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पुलिस ने पूरी कुशलता के साथ प्रदेश स्तर पर अभियान चलाया गया। लोगों की पतासाजी में दूसरे नंबर पर दुर्ग जिले के 807, तीसरे नंबर महासमुंद और चौथे पर रायपुर रहा है।

### देश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंची पुलिस

ऑपरेशन तलाश के तहत न केवल प्रदेश के भीतर बल्कि पूरे देश में पुलिस टीमों गई। इस दौरान 3207 महिला एवं 1265 पुरूष यानी 4472 गुमशुदा व्यक्तियों को बरामद किया गया । अभियान के दौरान 252 महिला एवं पुरूषों को मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड, दिल्ली, तमिलनाडू, बिहार, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, पुडूचेरी एवं असम सकुशल घर वापसी कराई गई। इस अभियान में बिलासपुर एवं दुर्ग पुलिस की कार्रवाई सर्वश्रेष्ठ रही। 1056 एवं 807 महिला एवं पुरूषों को बरामद किया गया। वहीं जिला महासमुंद एवं रायपुर द्वारा भी उल्लेखनीय कार्य किया और 267 एवं 217 गुमशुदा व्यक्तियों को खोज निकाला।

### संसाधन विभाग ने दिलाया अधिकारियों ने दिखाया हौसला

नोडल अधिकारी की नियुक्ति, टीम का गठन, संचार साधनों के बेहतर उपयोग के लिए पुलिस मुख्यालय से निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस ने गुम व्यक्तियों के घर पर जाकर परिजनों से संपर्क किया और प्रकरण की समीक्षा के बाद रणनीति बनाकर टीम का गठन की गई और पतासाजी के लिए अन्य राज्यों की खाक छानी। जहां संसाधन विभाग द्वारा दिए गए, वहीं अधिकारियों ने अन्य राज्यों में जाकर अपने लोगों को खोजने में बड़ा हौसला दिखाया है।

---

**राहत :** राजस्व न्यायालयों की मजबूती और सुव्यवस्थित करने पर दिया जोर

# राजस्व न्यायालयों में पक्षकारों को दो बार से ज्यादा पेशी पर न बुलाएं: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कमिश्नर सुनील जैन ने आज वीसी के जरिए कलेक्टर्स कांफ्रेंस लेकर राजस्व मामले एवं शासकीय योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने राजस्व न्यायालयों की मजबूती और सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया। श्री जैन ने कहा कि किसी भी सूरत में पक्षकारों को दो बार से ज्यादा पेशी में बुलाया नहीं जाना चाहिए। जिस दिन प्रकरण सुनवाई के लिए नियत है, उस दिन पीठासीन अधिकारी जरूर बैठें। प्रोटोकॉल अथवा अन्य कोई जरूरी काम आकस्मिक रूप से आ जाए तो कोई अन्य अधिकारी इस काम को देखे। कामकाज में ऐसे सुधार करें कि लोगों का राजस्व कोर्ट के प्रति विश्वास सुदृढ़ हो। संभागायुक्त श्री जैन ने कहा कि राजस्व न्यायालय से जुड़े सभी प्रकरणों में सुनवाई ऑनलाइन होनी चाहिए। एक भी प्रकरण की सुनवाई ऑफलाइन न हो। उपर के कोर्ट द्वारा कोई प्रकरण मंगाया जाता है, तो तुरंत उपलब्ध कराया जाए।




वीसी के जरिए कलेक्टर्स कांफ्रेंस में चर्चा करते कमिश्नर।

### नक्शा बटांकन की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

कमिश्नर सुनील जैन ने नए राजस्व अधिकारियों को आर्डर लिखने सहित राजस्व न्यायालय के काम-काज का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने नक्शा बटांकन का विशेष जिक्र किया। इसकी धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियान छेड़कर इस काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विवाद और झगड़े का बड़ा कारण बटांकन का नही होना है। इस काम की महत्ता को राजस्व अधिकारी समझें। इसमें शिथिलता अथवा लापरवाई कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने कहा की भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजा वितरण में तेजी लाया जाए। श्री जैन ने कहा की गलत बतांकन के आधार पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में अब तक अप्रारंभ कार्यों को शुरू करने के निर्देश दिए। पूरे संभाग में फिलहाल 58 हजार आवास निर्माण शुरू नहीं हुए हैं।

### पानी जीवन का आधार: कलेक्टर

भू-जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। आज कार्यशाला के समापन पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल समेत संभाग के सभी जिलों के सीईओ जिला पंचायत ने भी भाग लिया। कार्यशाला में जल का बचाव कर भविष्य के लिए जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में भू-जल संरक्षण के विषय में रिजनल डायरेक्टर सी जी. डब्ल्यू, वी एनसीसीआर रायपुर के डॉ. प्रवीर के. नायक ने भू-जल संवर्धन के लिए जनभागीदारी पर बल दिया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि पानी केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार है। जिस तेजी से भू-जल स्तर गिर रहा है। वह न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक खतरा बन चुका है। जल संकट से बचने के लिए यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। हमारे यहां बहुत अच्छी बारिश होती है लेकिन हम इसका संरक्षण नहीं कर पाते है। विषय विशेषज्ञों कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्याप्त बारिश होती है इसके संरक्षण एवं संवर्धन से पानी की दिक्कतों को दूर किया जा सकता है।

---

# उद्योगों की जरूरत अनुसार बने पाठ्यक्रम: प्रो. चक्रवाल




**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने 4 जुलाई को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी विकास 2025 में एस्टबलिशिंग इंडस्ट्री कनेक्ट एंड को-क्रिएटिंग करिकूलम विषय पर व्याख्यान दिया।

डॉ. रामनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम, डॉ. रामनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सीयू के कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने भारत की विकास यात्रा में शिक्षकों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि शिक्षक, शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलावों के साथ युवाओं को राष्ट्र निर्माण में साझेदार बनने के लिए प्रेरित करते हैं। हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं में सामाजिक उद्यमिता का भाव पैदा करने की आवश्यकता है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि वैश्विक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण करना होगा ताकि युवाओं का कौशल विकास कर कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में मेक इन इंडिया की धूम है। ऐसे में हमें युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। शोध एवं अनुसंधान के साथ पेटेंट फाइलिंग तथा उनकी उपयोगिता पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने स्वावलंबी छत्तीसगढ़ जैसी अनेक योजनाएं विद्यार्थियों के विकास के लिए प्रारंभ की हैं।

### संगोष्ठी में विद्वान शिक्षाविद् शामिल हुए

इस संगोष्ठी में राज्य मंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार की रजनी तिवारी, कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, सचिव प्रो. मनीष जोशी, संयुक्त सचिव डॉ. अविचल कपूर, प्रो. एम. जगदीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष, यूजीसी तथा विभिन्न प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलपति तथा उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए।

---

# पौधरोपण अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश

- एपीसीसीएफ शालिनी रैना ने वन अफसरों की ली, बैठक दिए आवश्यक निर्देश



**बिलासपुर।** वन वृत्त बिलासपुर में शामिल 10 वन मंडल के वन मंडलाधिकारियों की बैठक एपीसीसीएफ शालिनी रैना ने ली। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण अभियान, लंबित परियोजनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की। बुधवार की दोपहर बिलासपुर वन वृत्त में एक अहम प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में प्रभारी अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक शालिनी रैना पहुंची थी, जिन्होंने विभिन्न वन मंडलों की समीक्षा बैठक लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्षिक निरीक्षण के तहत कामकाज की स्थिति को परखना और आगामी योजना बनाना है। मानव संसाधन विकास एवं आईटी तथा मुख्य वन संरक्षक सतर्कता एवं शिकायत की अतिरिक्त प्रभार में पदस्थ वरिष्ठ वन अधिकारी शालिनी रैना बुधवार को बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ कार्यालय पहुंची। यहां उन्होंने वन वृत्त के 10 डिवीजन के डीएफओ के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्य रूप से पौधरोपण अभियान, लंबित परियोजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि वर्षा ऋतु का पूरा फायदा उठाते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण कर नियमित मानिटरिंग करें। समीक्षा बैठक के जरिए वन विभाग की योजनाओं की प्रगति का आंकलन कर मानसून के सीजन में पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यो को गति देने निर्देश दिया गया।

उन्होंने बताया कि हमारा वार्षिक निरीक्षण होता है, जिसके लिए वे बिलासपुर पहुंची हैं। यहां सर्किल के सभी डिवीजन के अधिकारी मौजूद थे। हमने कार्यालय में चल रहे कार्यो की समीक्षा की। पौधरोपण का कार्य पूरे प्रदेश में चल रहा है, उसमें बिलासपुर भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इस बैठक में बिलासपुर वन वृत्त के सीसीएफ प्रभात मिश्रा सहितअन्य वन अफसर मौजूद थे।

# उसकी देन कमेटी ने किया यूपी की नूर शबा का सम्मान

- मुल्क के अमन चैन शांति व बेटियों की तरक्की के लिए दुआ मांगी



**बिलासपुर।** मोहर्रम पर उसकी देन कमेटी द्वारा रमजानी बाबा दरगाह में मस्तूरातों के तकरीर जलसा में आज देश में अमन चैन शांति खुशहाली तथा बेटियों की तरक्की के लिए दुआ मांगी। उत्तर प्रदेश मऊ की अलीमा फाजिला नूर शबा का सम्मान किया गया।

कमेटी ने बेटियों को भी सम्मानित किया। तकरीर के अंतिम दिन यूपी की अलीमा फाजिला नूर शबा ने बताया कि इस्लाम अमन का पैगाम देता है । नूर शबा ने कहा कि हिंदू कहीं के हैं ना मुसलमां कहीं के हैं, दोनों यहीं रहेंगे दोनों इसी दो जहां के हैं। अमन सुकून के लिए मजहबे इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए बच्चियों की आबरू बचाने के लिए अगर हुसैन अपने सर की कुर्बानी नहीं देते, तो आज औरतों की आबरू नहीं बचती और ना महिलाएं सुरक्षित होतीं। महिलाओं द्वारा आज सुबह कुरान खानी फातिहा की गई। दोपहर में मसतुराते का लंगर आयोजन किया गया। जिसमें तालापारा स्थित रमजानी बाबा दरगाह पर हजारों की तादाद में महिलाएं लंगर व दरूदखानी व सलातो सलाम में शामिल हुईं। उसकी देन कमेटी महिला विंग बालिकाओं ने यूपी मऊ की आलिमा फाजिला नूर शबा का भव्य सम्मान किया। आज कार्यक्रम में कमेटी के सदर युसूफ हुसैन बंटी, शेख नजीरुद्दीन, हांजी निसार, इकबाल हक, नासिर नवाब, प्यारो, जफर आगा,नईम, तार बहार,आरिफ बेग, इंसान अली, अबरार बाबा, अब्दुल रज्जाक, विक्की, शेरू पेंटर, हाजी राजू, आदिल, सारिक शबाब अली, सज्जाद खान, इरफान, सब्बू, आदिल, शाहरुख , शेख सिकंदर सारिक, रुबीना, आबिदा, हबीबा, सिंनम, रोशन, असगरी बेगम ,जरीन, रुबीना, , सानिया, साजिया, तस्नूम, हसनुमा, महरीन ,आफरीन ,नौशीन,रानी, साहिल, सरफराज ,सानू, आसीफ आदि का योगदान रहा।

---

## एजुकेशन प्लस

# चौकसे कॉलेज में 139 सीटों के साथ निजी कॉलेजों में सर्वाधिक आवंटन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा आयोजित बी.टेक काउंसलिंग के प्रथम चरण का परिणाम बुधवार 2 जुलाई को घोषित किया गया।

इस वर्ष के आवंटन से स्पष्ट है कि इंजीनियरिंग के प्रति छात्रों का रुझान एक बार फिर से बढ़ा है। बिलासपुर संभाग के निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने प्रथम चरण में 139 सीटों के आवंटन के साथ न केवल सर्वाधिक सीटें प्राप्त कीं, बल्कि यह छात्रों की पहली पसंद के रूप में भी उभरा है। वहीं संभाग के अन्य निजी संस्थानों को इस चरण में अपेक्षाकृत कम सीटों का आवंटन मिला। छात्र अब कॉलेज का चयन करते समय शैक्षणिक गुणवत्ता,




अनुभवी फैकल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्लेसमेंट रिकॉर्ड को प्राथमिकता दे रहे हैं। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे अत्याधुनिक और करियर-ओरिएंटेड कोर्स सबसे अधिक पसंद किए गए। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, बिलासपुर संभाग में निजी संस्थानों के बीच अग्रणी स्थान पर है और आगामी चरणों में इसमें और वृद्धि की संभावना है।

# केपीएस कोनी में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर आधारित पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्काउट, गाइड और एनएसएस के छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड डॉ. सोमनाथ यादव रहे।

विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज सिन्हा थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या रुनकी अम्बष्ट और उप-प्रधानाचार्य रमन मिश्रा के निर्देशन में किया गया। इसे सफल बनाने में प्राणव शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, नितेश लोनिया, लखी रानी दत्ता, हेमा लता, पद्मा गुप्ता की स्काउट गाइड टीम और मनोज पासला, अमित खेडकर जैसे एनएसएस शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर डा सोमनाथ यादव ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए हम सभी वर्ष में एक पेड़ अवश्य लगाए। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया के महत्व को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। स्कूल प्रशासन और छात्रों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

---

**दो दिन में केवल 646 सैलानियों ने किया जू का भ्रमण**

# बारिश से प्रभावित हुई कानन पेंडारी जू की गेटमनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण कानन पेण्डारी जू में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या काफी कम हो गई है। दो दिन में केवल 646 सैलानियों ने कानन पेण्डारी जू का भ्रमण किया है, जिसमें युवाओं की संख्या बहुत है। इसके कारण कानन पेंडारी के गेटमनी से होने वाले राजस्व पर प्रभाव पड़ा है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर विभाग में शामिल कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र अब बिलासपुर वन मंडल के हाथ में नहीं है। यहां शासन के आदेशानुसार डीएफओ, एसडीओ, रेंजर से लेकर अन्य स्टाफ की व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन सीजेडए के नियम और



गाइडलाइन के अनुसार काफी कमी है। कानन पेण्डारी जू में बच्चों के खेलने के लिए गार्डन, पिकनिक स्पॉट सहित 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणी हैं। इसे देखने और भ्रमण करने के लिए बिलासपुर शहर के साथ आसपास और प्रदेश के कई इलाकों से हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। इन सैलानियों से होने वाली गेटमनी से कानन पेण्डारी जू का रखरखाव और वन्यप्राणियों के आहार की व्यवस्था की जाती है, जिसके लिए मुख्यालय का भी परमिशन लेना पड़ता है। पिछले दो दिन से लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जिसका प्रभाव कानन पेण्डारी जू में भी पड़ रहा है। बारिश की वजह से कानन पेण्डारी जू के गार्डन, पिकनिक स्पॉट व अन्य स्थानों पर चारों ओर कीचड़ के कारण काफी परेशानी हो रही है। कानन प्रबंधन के अनुसार बारिश का प्रभाव गेटमनी से होने वाले राजस्व में भी पड़ा है। बुधवार को कानन पेण्डारी का गेट सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ओपन था, लेकिन कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए आने वाले सैलानियों की संख्या केवल 141 थी। वहीं दूसरे दिन थोड़ा सुधार हुआ।

### वन्यप्राणियों पर विशेष निगरानी

बारिश में कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या में कमी आ गई है। वहीं बारिश का प्रभाव वन्यप्राणियों की सेहत पर भी होने लगा है। बारिश के साथ मौसमी बीमारी से बचाने के लिए व्यवस्था करना शुरु कर दिया गया है। इसके तहत जिस स्थान पर शेड की व्यवस्था नहीं थी, उस स्थान पर शेड लगाने के अलावा, पुराने जर्जर हो चुके शेड की रिपेयरिंग की जा रही है। वहीं डॉक्टर लगातार सभी केज में वन्यप्राणियों को चेकअप करने के साथ वैक्सीनेशन भी कर रहे हैं, ताकि मौसम का प्रभाव किसी भी वन्यप्राणियों पर न पड़े।

बिलासपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025
हरिभूमि लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## नौ दिनों तक मंदिरों में की गई माता की विशेष पूजा-अर्चना



बीते नौ दिनों से शहर के मंदिरों में गुप्त नवरात्र के चलते मां दुर्गा की पूजा-अर्चना हो रही थी। शुक्रवार को गुप्त नवरात्र का अंतिम दिन पीतांबरापीठ मंदिर, हरदेवलाल मंदिर सहित शहर के कई मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम हुए। प्रातः ही पूजा प्रारंभ हुई, जिसके पश्चात हवन-पूजन किया गया। गुप्त नवरात्र में वैसे तो सभी नौ दिन महत्वपूर्ण हैं, पर धर्म शास्त्रों के अनुसार नवमी की पूजा का विशेष महत्व है। नवमी के साथ गुप्त नवरात्री का समापन हो गया। इस अवसर पर देवी मंदिरों में विशेष पूजा पाठ हवन की पूर्णाहुति और महाआरती हुई।

# गुप्त नवरात्र की नवमीं पर मंदिरों में कन्याभोज व हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित अखिलेश दुबे ने बताया कि कन्या भोज प्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया। रतनपुर महामाया मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी गुप्त नवरात्रि के नौ दिनों तक मातारानी की श्रृंगार किया गया। उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ.दिनेश महाराज ने बताया कि दसवी महाविद्या माँ कमला को भाग्य, सम्मान, पवित्रता और परोपकार की देवी माना गया है। देवी कमला सभी दिव्य गतिविधियों में उर्जा के रूप में मौजूद रहती हैं माँ कमला भगवान विष्णु की दिव्य शक्ति हैं गुप्त नवरात्री में माँ कमला की पूजा करने से कौशल विकास एवं गुणवत्ता में बढ़ोतरी होती हैं। इनकी पूजा से माँ लक्ष्मी की पूजा के समान पुण्य प्राप्त होता माँ कमला अपने भक्तो को धन और ऐश्वर्य का वरदान देती हैं,खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए माँ कमला की पूजा बहुत महत्वपूर्ण होती है माँ कमला गर्भवती स्त्री के गर्भ की रक्षा करती हैं।





### घरों-घर कन्या भोज

गुप्त नवरात्रि के शुभ अवसर पर भक्तों ने घरों में कन्या भोजन का आयोजन किया, इस मौके पर कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पीतांबरापीठ मंदिर में भी कन्या भोज हुआ जिसमें रामी देवी अग्रवाल, अदिती अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सपत्नीक कटघोरा, सरिता यादव आदि उपस्थित थे।

### माता का कमला देवी के रूप में पूजन आज

सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के दसवे दिन प्रातःकालीन ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार कमला देवी के रूप में किया जाएगा।श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया गया।परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का पूजन एवं श्रृंगार किया गया।प्रतिदिन मध्यान्हकालीन पीताम्बरा हवनात्मक महायज्ञ मे श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी मंत्र के द्वारा आहुतियाँ दी जा रही है, इस अवसर पर कन्याओं का पूजन भोजन कराया गया।



वेकैंसी

## सीएसपीजीसीएल में स्नातक अप्रेंटिस डिप्लोमा अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की ओर से अप्रेंटिस की भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। सीएसपीजीसीएल की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत स्नातक अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी।
सीएसपीजीसीएल की ओर से कुल 70 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें स्नातक अप्रेंटिस के 42 पद और डिप्लोमा अप्रेंटिस के 28 पद रिक्त है। यदि आप भी सीएसपीजीसीएल में बतौर अप्रेंटिस के रूप में काम करना चाहते हैं, तो आप ऑफलाइन माध्यम से 21 जुलाई, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित अन्य जानकारी के लिए आप आधिकारिक वेबसाइट भी विजिट कर सकते हैं। स्नातक अप्रेंटिस और डिप्लोमा अप्रेंटिस का चयन अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंक और साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर किया जाएगा। उम्मीदवारों के लिए मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। बता दें, फाइनल मेरिट लिस्ट कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।




### शैक्षणिक योग्यता

स्नातक अप्रेंटिस के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो आपके पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा, डिप्लोमा अप्रेंटिस के पद पर आवेदन करने के लिए आपके पास राज्य के किसी तकनीकी बोर्ड या मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा होना चाहिए।
सीएसपीजीसीएल में अप्रेंटिसशिप के दौरान चयनित उम्मीदवारों को स्टाइपेंड की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

आयोजन

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश प्रतिनिधियों ने ली गोष्ठी



बिलासपुर। गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उद्देश्यों पर आधारित उपजोन स्तरीय गोष्ठी हुई। इसमें केन्द्रीय समन्वयक सुखदेव निर्मलकर ने बताया कि वर्ष 26 में बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। हम सभी उसमें कार्यवाहक बनकर कार्य को आगे बढ़ाएंगे। शक्तिपीठ के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि इस गोष्ठी को संपन्न करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार के केंद्रीय समन्वयक सुखदेव निर्मलकर, सहयोगी परमानंद साहू एवं छत्तीसगढ़ जोन संगठन समन्वयक आदर्श वर्मा दीदी रायपुर से बिलासपुर पहुंचे और जिला व ब्लॉक समन्वयकों, गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ के ट्रस्टियों एवं कार्यकर्ताओं को युग ऋषि का प्रेरणाप्रद संदेश सुनाया। साथ ही अपने लक्ष्य के अनुसार सभी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। श्री निर्मलकर ने कहा कि वर्ष 2026 में 20 से 22 जनवरी एवं नवंबर 2026 में बड़ा कार्यक्रम आयोजित है। आदर्श दीदी ने कहा कि एक पौधा माताजी के नाम से लगाकर उसे संरक्षित करें। नशा उन्मूलन के अंतर्गत नशा छोड़ने वाले व्यक्ति को सभी प्रकार से सहयोग करें। परमानंद साहू ने कहा कि हम सभी दीक्षा अनुबंध का पालन करें।

# आज निकलेगी बहुणा यात्रा छेरापहरा की रस्म होगी अदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान जगन्नाथ मौसी मां के मंदिर में हैं, वहां इनका स्वागत किया जा रहा है। भगवान की मेहमान नवाजी में भक्तों द्वारा 56 भोग लगा रहे हैं, इसके साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को राधा रानी भजन ग्रुप द्वारा भगवान के भजनों की प्रस्तुति हुई, बच्चों द्वारा आकर्षक सांसकृतिक कार्यक्रम से भक्तों का मनमोह लिया।

महाप्रभु भगवान जगनाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 5 जुलाई को मौसी के घर से विदा होंगे। बहुणा यात्रा कर वापस अपने मंदिर पहुंचेंगे। आगमन को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। महाप्रभु मंदिर में नाराज पत्नी महालक्ष्मी को मनाने का भरसक प्रयास करेंगे। मिष्ठान, आभूषण और वस्त्र भेंट कर खुश करने का प्रयास भगवान करेंगे, भगवान की वापसी के लिए रथ तैयार किया गया है। कलाकारों द्वारा भगवान को भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर खुश किया जा रहा। रेलवे परिक्षेत्र स्थित जगनाथ मंदिर में भगवान की वापसी को लेकर ये श्रीमंदिर में उत्साह का माहौल है। भगवान के स्वागत ये के लिए मंदिर को सजाया जा गया व भक्त विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार कर रहे हैं।

### अंतिम दिन भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रम







### छेरापहरा की रस्म होगी

शनिवार को बहुणा यात्रा उड़िया स्कूल मौसी मां के मंदिर से निकाली जाएगी। 5 जुलाई को राजा श्रीधर नायक बनकर छेरापहरा की रस्म निभाएंगे। दोपहर 2 बजे रथ रवाना होगा, जिस रास्ते से भगवान मौसी मो के घर गए थे, उसी रास्ते से वापस श्रीमंदिर पहुंचेंगे।

### इन रास्तों से निकलेगी बहुड़ा यात्रा

भगवान जगनाथ, बलदेव व सुभद्रा रथ पर अपने भक्तों को दर्शन देने शहर का भ्रमण करेंगे। रथयात्रा 5 जुलाई को रेलवे क्षेत्र के उड़िया स्कूल मौसी मां के मंदिर से निकलकर तितली चौक, तारबाहर, तोरणा होते हुए मंदिर पहुंचेगी। भगवान रुठी हुई माता लक्ष्मी को मनाते हुए अपने घर वापसी करेंगे। मंदिर में उन्हें विधिपूर्वक स्थापित किया जाएगा। इसके बाद फिर से भगवान का दरबार भक्तों के खुल जाएगा। भगवान मंदिर सेसाल में सिर्फ एक बार बाहर निकलते हैं।

# हनुमान जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**बिलासपुर।** मुक्तिधाम सरकंडा के पीछे पूर्व एमआईसी मेंबर राजेश शुक्ला एवं मोहल्लेवासियों द्वारा हनुमान मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में शुक्रवार को विधी-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके मुख्य यजमान दीपांशु उपाध्याय थे, पं महेश तिवारी ने मंत्रोंचार के साथ वैदिक रीति से संपन्न कराया। पूजा,यज्ञ, हवन के पश्चात हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में खीरू,पूरी,चावल, हलुवा का प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व पार्षद राजेश शुक्ला ने बताया की समय-समय पर धार्मिक आयोजन होते रहेगा, इस मौ पर पूर्व महापौर रामशरण यादव, पार्षद सीमा शुक्ला, विनिता यादव,नीनी दिवान,लता शुक्ला, सरिता शुक्ला, आशा गौरहा, शुभांगी शुक्ला, रिया मिश्रा, विकास सिंह सहित अन्य परिवारजन, वार्डवासी मौजूद रहें।



### भव्य भंडारा का आयोजन



जायका

## बारिश में भाया देसी मशरूम का स्वाद, बढ़ रही डिमांड

**बिलासपुर।** मानसून सक्रिय होते ही बाजार में मौसमी सब्जियां लोगों को खूब भा रही हैं। खासतौर पर बारिश में मिलने वाला देसी मशरूम इन दिनों शहर के सब्जी बाजारों अधिक खरीदा जा रहा है। शहडोल, बस्तर और कांकेर आदि इलाकों के जंगलों से लाए गए मशरूम की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। मार्केट में सरई बोड़ा, पैरा और खुखड़ी प्रजातियों के मशरूम पसंद किए जा रहे। लोग भी इसे बड़े चाव से खरीद रहे हैं। फिलहाल इनकी कीमत 1000 से 1500 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। किसानों का कहना है कि सावन में बारिश तेज होने के साथ ही मांग भी और बढ़ेगी, जिससे दामों में और इजाफा संभव है। ऐसे जंगली मशरूम का स्वाद मटन जैसा माना जाता है और यह सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद होता है।



जुलाई के मध्य तक बाजार में और भी किस्म के मशरूम आने की संभावना है, जिससे स्वाद के शौकीनों को और विकल्प मिलेंगे। बायोटेक लैब के वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले चटक रंगों जैसे लाल, नीला, पीला, हरा, बैंगनी और नारंगी के प्राकृतिक मशरूम का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे रंग आमतौर पर मशरूम में पाए जाने वाले विषैले एल्केलॉयड्स की उपस्थिति का संकेत देते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी खुखड़ी से तीखी अमोनिया जैसी या सड़ी हुई गंध आ रही हो तो उसे बिल्कुल भी न खाएं, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकती है। इसी तरह यदि खुखड़ी से चिपचिपा पदार्थ या पानी की बूंदें निकल रही हों तो भी इसका सेवन भी नहीं करना चाहिए।

# इंजीनियरिंग कालेजों में पहले राउंड का एडमिशन शुरू

इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा पहले राउंड की काउंसिलिंग अंतर्गत 5 हजार 843 सीटों का आबंटन किया गया है, जबकि पहले राउंड के लिए 6 हजार 695 स्टूडेंट्स ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है।

## पहले राउंड के लिए 5 हजार 843 सीटों का आबंटन, 6 हजार 695 स्टूडेंट्स ने दिया आनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

सत्र 2025-26 के लिए इंजीनियरिंग पाठयक्रमों में एडमिशन की प्रक्रिया चालू हो गई है। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक की काउंसिलिंग के लिए जो कार्यक्रम जारी किया गया है, उसके तहत बीटेक में पहले राउंड के एडमिशन लिए 23 जून से 27 जून तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ। इसके बाद 29 जून को मेरिट लिस्ट जारी हुई और 30 जून को पहले राउंड के लिए सीट आबंटन किया गया। आबंटित सीटों पर गुरूवार से एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले राउंड के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय की ओर से 5 हजार 843 सीटों का आबंटन किया गया है। इन सीटों के लिए 6 हजार 695 स्टूडेंटस ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें जिन-जिन स्टूडेंट्स को सीट आबंटित हुई है, उन्हें 6 जुलाई तक इंजीनियरिंग कालेजों में जाकर एडमिशन लेना है। पहले राउंड की काउंसिलिंग पश्चात सीट खाली रहने पर सेकंड व थर्ड राउंड की काउंसिलिंग होगी।

### सेकंड राउंड काउंसिलिंग 8 जुलाई से

इंजीनियरिंग की सेकंड राउंड काउंसिलिंग 8 जुलाई से शुरू होगी और 11 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। सेकंड राउंड के लिए 13 जुलाई को मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी, जिसपर एक दिन 14 जुलाई को दावा आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा। इसके बाद 16 जुलाई को सेकंड राउंड तहत सीटों का आबंटन होगा, जिसपर 17 जुलाई से 20 जुलाई तक एडमिशन दिया जाएगा। सेकंड राउंड बाद भी सीट रिक्त रहने की स्थिति में थर्ड राउंड की काउंसिलिंग की होगी, जिसके लिए 22 जुलाई से 25 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन, 27 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी और 28 जुलाई को दावा आपत्ति के पश्चात 30 जुलाई को सीटों का आबंटन होगा तथा 31 जुलाई से 3 अगस्त तक एडमिशन दिया जाएगा।






### 29 इंजीनियरिंग कालेजों में 11 हजार 498 सीटें

इस सत्र में प्रदेश के 29 इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक की कुल 11 हजार 498 सीटें है। इनमें छत्तीसगढ़ के तीनों गवर्नमेंट कालेज बिलासपुर, रायपुर व जगदलपुर इंजीनियरिंग कालेजों की सीटें भी शामिल हैं। गवर्नमेंट कालेजों की सीटें पहले भर जाती हैं। उसी तरह स्वामी विवेकानंद तकनीकी यूनिवर्सिटी के यूटीडी एवं प्राईवेट इंजीनियरिंग कालेजों में रूंगटा इंजीनियरिंग कालेज, बीआईटी इंजीनियरिंग कालेजों में एडमिशन लेना स्टूडेंट्स पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### साव की अनुशंसा पर एक करोड़ स्वीकृत



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अनुमोदन पर क्षेत्र में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2025-26 के तहत 18 ग्राम पंचायतों में विकाय कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 23 लाख 8 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त राशि से नवरंगपुर, झाफल, मौहामाचा, सुरही, जमुनाही, बोईरपारा, साल्हेघोरी, झलरी, बांधा, राम्हेपुर जे, बाघमार, रजपालपुर, गातापार, अमलीडीह, भालुखोंदरा, डिंडौरी(चि), सिंघनपुरी, भूतकछार, कठौतिया, खुड़िया, बिजराकछर में निर्माण कार्य किए जाएंगे। विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत होने से इन गांव के लोगों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार प्रकट किया है।

### विदाई समरोह में शामिल हुए धरमलाल



**सरगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव में शुक्रवार को पथरिया बीएमओ बंजारे के सेवानिवृत होने पर उनको विदाई देने के लिए समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री कौशिक ने चिकित्सा के क्षेत्र में उनके पूर्ण योगदान को लेकर उनकी सराहना करते हुए भविष्य में उनके अनुभव रूपी वृक्ष की छाया क्षेत्र के चिकित्सा जगत को प्राप्त होते रहने की बात कही। कार्यक्रम में जिपं सभापति अंबालिका साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणजीत सिंह, रिंकू सिंह ठाकुर, निश्चल गुप्ता, उदित साहू सहित डॉक्टर व अस्पताल के स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

## जनपद सदस्य के गांव में संचालित विद्यालय का मामला

# गांव के स्कूल में समय पर नहीं पहुंच रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

विखं शिक्षा अधिकारी कार्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर एवं जनपद सदस्य के गांव में संचालित प्राथमिक शाला में शिक्षकों की उपस्थिति देखने को नहीं मिल रही है।

एक ओर सीएम विष्णुदेव साय शिक्षा विभाग में गुणवत्ता लाने को लेकर तरह-तरह की गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं कर रहे हैं। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा सुनिश्चि की जा सके। इन सब के बीच तखतपुर क्षेत्र में उल्टी गंगा बह रही है, यहां शिक्षा विभाग के अधिकारियों को न तो गुणवत्ता की चिंता है और न ही शिक्षकों की समय पर उपस्थिति की। ऐसा लगता है मानो यहां की स्कूलों मात्र खानापूर्ति चल रही है। तखतपुर बीईओ कार्यालय से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर प्राथमिक शाला चुलघट संचालित है, जहां पर शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं नहीं होते हैं। शुक्रवार सुबह 11 बजे स्कूल पहुंचे तो विद्यालय में पदस्थ तीन शिक्षक सुनीता ध्रुव, मनीष प्रसाद, ओंकार साहू में से कोई भी उपस्थित नहीं था। यहां केवल बच्चे खेलते हुए पाए गए। ऐसे में मुख्यमंत्री का शिक्षा गुणवत्ता अभियान कितना सार्थक होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। बच्चें बड़ी उत्सुकता के साथ 9:30 बजे से ही विद्यालय पहुंच जाते हैं, शिक्षकों की उपस्थित नहीं होने से वे खेल-कूद कर घर चले जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ग्राम चुलघट में ही जनपद सदस्य रिषभ कश्यप का निवास स्थान भी है। इसके बाद भी शिक्षकों का समय पर स्कूल न पहुंचना एक चिंता का विषय है। जब जनपद सदस्य से इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षकों की समय पर उपस्थित नहीं होने के संबंध में विखं शिक्षा अधिकारी से चर्चा की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सरकार शिक्षा गुणवत्ता पर काम कर रही है और इधर शिक्षक अपनी ड्यूटी से नदारद हैं, ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




### जवाब मांगा जाएगा

शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा।
- कामेश्वर बैरागी, बीईओ तखतपुर

### सिलदहा प्राथमिक शाला में विवेकानंद को श्रद्धा सुमन किया गया अर्पित



**पथरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला सिलदहा में स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता बहोरन वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। प्रधान पाठक संजय सिंह ने कहा कि गुलामी के दौर में भारतवर्ष को विश्व में विशेष पहचान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो सम्मेलन में भारत की संस्कृति सभ्यता को दुनिया के सामने रखा। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि दीन-दुखी, बीमार, पीड़ित, असहाय, कमजोर व वंचित लोगों की सेवा करना मानवता की सेवा करना है। इस मौकर पर विद्यालय परिवार की ओर से अतिथि बहोरन वर्मा और अनिल द्विवेदी को श्रीमद् भागवत गीता भेंट की गई। इस अवसर पर अनिल द्विवेदी, शिक्षक बसंत कुमार, संगीता वर्मा, गणेश नायक, संगीता वर्मा शिवानी आदि उपस्थित रहे।



## पेड़ गिरने से तीन घंटे बाधित रहा कोटा-लोरमी मुख्य मार्ग

**लोरमी।** लोरमी-कोटा मार्ग पर विशालकाय पेड़ गिर जाने से मुख्य मार्ग बाधित हो गया एवं आवागमन बंद हो गया। क्षेत्र में विगत दो दिनों से झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

भारी बारिश के कारण एक पीपल का विशालकाय पेड़ लोरमी-कोटा-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर गिर गया, जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो गया। इस घटना में बिजली का तार टूट जाने से क्षेत्र में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित हो गई। पेड़ गिरने से सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई है एवं लोग दूसरे परिवर्तित मार्गों का सहारा लेते रहे। इससे तीन घंटे से अधिक समय तक आवागमन प्रभावित रहा एवं काफी मशक्कत के बाद लोकनिर्माण विभाग ने ग्रामीणों की मदद से पेड़ को मुख्य मार्ग हटाया एवं आवागमन बहाल किया। गौरतलब है कि भारी बारिश से पेड़ों के धराशायी होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विद्युत विभाग के जेई के नेताम ने बताया कि ग्राम बांधा में कोटा-मार्ग पर पेड़ गिर जाने से विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई थी, जिसे दुरुस्त कर लिया गया है।

## करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**पथरिया।** नगर के समीप ग्राम बैजना मे एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई है। घटना शुक्रवार सुबह 9 बजे का है, जहां घर मे लगे लोहे के दरवो को खोलते समय 70 वर्षीय भागवत साहू पिता बृजलाल साहू करंट की चपेट में आ गए एवं उनकी मृत्यु हो गई।

जानकारी के मुताबिक दरवाजे की चौखट के नीचे से निकले तार के कटने से दरवाजे में करंट प्रवाहित था, साथ ही लगातार बारिश से जमीन पर भी नमी थी। इसी कारण बुजुर्ग दरवाजा छूते ही करंट की चपेट में आ गए। कुछ समय बाद बुजुर्ग का पुत्र वहां आया और दरवाजे पर खड़े होने का कारण पूछते हुए जैसे ही अपने पिता को छुआ तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस घर को अन्य सदस्यों ने बिजली बंद कर तत्काल बुजुर्ग को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने भागवत साहू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर शव का पीएम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

### महिला से अभद्रता और मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** महिला के चरित्र पर सवाल उठाते हुए दो युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाठकपारा निवासी सोनिया तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 जुलाई की शाम 6 बजे उसके घर के सामने पटाखे फूटने की आवाज सुनाई दी। पटाखे की आवाज सुनकर उसने बाहर निकल कर देखा तो शुभम बाजपेयी और भारती बाजपेयी ने उसके चरित्र पर सवाल उठाते हुए उसके लिए अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। जब महिला ने ऐसा करने से मना किया तो युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## नवीन पाठ्यपुस्तक समझने ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नवीन पाठ्यपुस्तक पाठ्यक्रम एफएलएन की समझ हेतु पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण का समापन हुआ। विकासखंड मुंगेली की प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

कार्यालय प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा जेपी पुष्प एवं एफएलएन प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी विकास वर्मा जीपीएम के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली डॉ प्रतिभा मंडलोई एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय नवीन पाठ्यपुस्तक पाठ्यक्रम के समझ हेतु प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें विकासखंड मुंगेली अंतर्गत समस्त 620 प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक ने ऑनलाइन प्रशिक्षण से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स संकुल शैक्षिक समन्वयक शासकीय कन्या स्कूल चंद्रशेखर उपाध्याय, संकुल शैक्षिक समन्वयक बांकी ब्रजेश्वर मिश्रा, संकुल शैक्षिक समन्वयक जरहागांव गौकरण डिंडोले, दुर्गेश देवांगन, एंजल भारत, रविकांत पुरी गोस्वामी, गणेश गुप्ता, वर्षा चौरसिया, शाहिन हसन ने 3 अलग-अलग ऑनलाइन लिंक जनरेट कर कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा में उपस्थित होकर गूगल मीट एवं टेलीग्राम लिंक के माध्यम से ऑनलाइन, शिक्षकों को क्रमबद्ध से प्रथम दिवस से लेकर अंतिम दिवस तक के विषय वस्तुओं से परिचय कराते हुए अंतिम दिवस अध्ययन अध्यापन से संबंधित टॉपिक पर जानकारी प्रदान की। इसमें मुख्य रूप से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को खेल-खेल के माध्यम से गतिविधि आधारित शिक्षा देने की बात कही गई है। साथ ही साथ नई पुस्तकों के बारे में भी शिक्षकों को बताया गया। प्रशिक्षण में सहयोग हेतु बीआरसी एसके उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## चेम्बर का शपथ ग्रहण समारोह आज

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स इकाई मुंगेली का शपथ ग्रहण समारोह 5 जुलाई को शाम 7 बजे होटल सिंग इंटरनेशनल में आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल होंगे।

शपथ ग्रहण समारोह की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रेम आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, बृजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पुन्नूलाल मोहले, धर्मजीत सिंह, पूर्व विधायक चंद्र सुंदरानी एवं भूपेन्द्र सवन्नी आदि उपस्थित रहेंगे। साथ ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश वासवानी, ललित जयसिंह एवं केवल सोनी भी उपस्थित रहेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों में श्रीकांत पाण्डेय, रामकमल सिंह, रोहित शुक्ला, जयप्रकाश मिश्रा, व्यापारी जगत से विनय गुप्ता, अनिल सोनी, राजमन सिंह, हेमेन्द्र गोस्वामी, श्रीकांत गोवर्धन आदि उपस्थित रहेंगे।

## जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम आज

**मुंगेली।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम रामपुर लोहड़िया में महात्मा गांधी ऑक्सीजोन परिसर में 5 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि यह अभियान जिले के तीनों विकासखंड लोरमी, मुंगेली और पथरिया में एक साथ संचालित होगा। अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों के आवास परिसरों में करीब 1 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले के 50 हजार से अधिक आवास हितग्राहियों के यहां 2–02 पौधों के हिसाब से वृक्षारोपण किया जाएगा। यह पहल न केवल पर्यावरण को सहेजने की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि आमजन को प्रकृति से जुड़ने एवं पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की कलेक्टर ने ली बैठक




स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते कलेक्टर।

**मुंगेली।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु शुक्रवार को कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने आधार कार्ड आधारित एड्रेसिंग की स्थिति, नेक्स्टजेन पोर्टल के माध्यम से ओपीडी पंजीयन, मेडिकल लीगल एविडेंस एवं पेसेंट रिपोर्टिंग की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि मरीजों की सटीक पहचान और सेवाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आधार आधारित पहचान प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। उन्होंने अस्पतालों में डिजिटल पंजीयन प्रक्रिया को नियमित और सुलभ बनाने, मरीजों के लिए पर्याप्त बेड की व्यवस्था के साथ ही सभी स्वास्थ्य सूचकांकों पर बेहतर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य उपचार एवं देखभाल पुण्य का कार्य है। अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़े मामलों की रिपोर्टिंग एवं दस्तावेजीकरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

### खड़गे के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठक



**बिल्हा।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 7 जुलाई सोमवार को रायपुर आगमन पर उनके स्वागत की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा की अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बिल्हा प्रभारी सुधांशु मिश्रा, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक एवं गीतांजलि कौशिक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में श्री खड़गे का स्वागत करने रायपुर पहुंचने की अपील की। बैठक में जोगेंदर सिंह सलूजा, नानक रेलवानी, जितेन्द्र कौशिक, हजारी भारद्वाज, जीवन लाल यादव, लाला यादव पार्षद, हरीश महाराज, उमेश शर्मा, अमृत लाल कौशले, श्याम लाल कोसले, राजेंद्र कौशिक, लालू सनयाड, राहुल राजपूत, योगेस कौशिक, सीताराम अग्रवाल, रामचंद रजक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन विमल अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन सुशील साहू ने किया।

## जीपीएम प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने असद



**गौरेला।** प्रेस क्लब गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के जिला पदाधिकारियों का निर्वाचन 3 जुलाई को केंवची के विश्राम गृह में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार असद सिद्दीकी को प्रथम जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं मरवाही के पत्रकार योगेन्द्र सिंह नहरेल सचिव एवं पेण्ड्रा के वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण पाण्डेय उपाध्यक्ष बनाए गए। इसी तरह गौरेला के ज्ञानचन्द शर्मा को कोषाध्यक्ष एवं अजीत गहलोत को संयुक्त सचिव चुना गया।

प्रेस क्लब के गठन पर पत्रकार साथियों ने खुशी जताई है। साथ ही जिले के सभी सक्रिय एवं नवोदित पत्रकारों एवं ग्रामीण पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारों को भी प्रेस क्लब से जोड़ने विशेष पहल करने का सुझाव भी दिया। पूरी प्रक्रिया को निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार सप्रे ने संपन्न कराया और निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अजीत गहलोत एवं आभार तापस शर्मा ने किया। इस दौरान मुरारीलाल रैदास, तापस शर्मा, सुहैल आलम, मानव जैन, संजय अग्रवाल, अमित तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद सोनी, श्रीनिवास सुमेर, सौरभ अग्रवाल, राकेश राजपूत, उमेश अग्रवाल, वीरेंद्र पांडेय, कमाल खान, लक्ष्मीनारायण सरकार, तनवीर आलम, सूरज यादव, तपेश्वर चन्द्रा, चन्द्रसेन पाटस्कर, संतोष नामदेव सहित जिले सभी के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## निधन

### शशी गुरुदीवान



**बिलासपुर।** ग्राम नगोई निवासी शशी गुरुदीवान का निधन 4 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे जगदीश प्रसाद गुरुदीवान की पत्नी, रुपेश गुरुद्वान, योगेश, सोमेश, रोशनी एवं दीप्ति की मां थीं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

उ.प्र.क्र.93/2024,
आदेश दिनांक : 10.06.2025,
पेशी दिनांक : 21.07.2025,
प्रोसेस क्रमांक 123/25,
श्रीमती श्यामा गंधर्व ......आवेदिका
विरुद्ध
अधीक्षक डाक घर +4... अनावेदकगण

इस न्यायालय में आवेदिका ने अनावेदकगण के वरिुद्ध धारा 372 वास्ते उत्तराधिकार अधिनियम का आवेदन पत्र पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 21.07.2025 को है।

जिस किसी भी आम जन को उक्त आवेदन पत्र में कोई आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक 21.07.2025 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 21.07.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 20/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक: 20/06/2025

**विजेन्द्र सोनवानी**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 27.06.2025

श्री आसिफ हुसैन आत्मज श्री शाबिर हुसैन उम्र 37 वर्ष निवासी लिंगियाडीह पीपलपारा वा.क्र. 52/31 थाना-सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

एवं

कुमारी शीलू साहू आत्मजा श्री चन्द्रकांत साहू उम्र 36 वर्ष निवासी म.क्र. 488 (खा) एकता बस्ती खदान मोहल्ला खमतराई थाना सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 31.07.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


आसिफ हुसैन


शीलू साहू

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**: शपथ पत्र :**

मैं रौनक गुप्ता पिता दीनानाथ गुप्ता उम्र 18 वर्ष निवासी गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी एल.आई.सी. में पॉलिसी कं. 386218126 है जिसमें मेरा नाम हर्ष कुमार गुप्ता दर्ज है। जो की त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 3941 4552 9156 में मेरा नाम रौनक गुप्ता दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
4. यह कि एल.आई.सी. में पॉलिसी क्रं. 386218126 में मेरा नाम हर्ष कुमार गुप्ता व आधार कार्ड में मेरा नाम रौनक गुप्ता दर्ज है, जो कि दोनो एक ही व्यक्ति है। जो मैं स्वयं हूँ।
5. यह कि एल.आई.सी. में पॉलिसी क्र. 386218126 में दर्ज नाम हर्ष कुमार गुप्ता को हटाकर / सुधार कर रौनक गुप्ता करने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं रौनक गुप्ता पिता दीनानाथ गुप्ता उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ, कि इस शपथ पत्र कि कंडिका 01 से 05 तक वर्णित सभी कथन मेरे स्वयं के ज्ञान व विश्वास से सभी रूप से सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 02/07/2025 को मुकाम सकरी, बिलासपुर में पढ़कर, पढ़ाकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

पहचानकर्ता सत्यापनकर्ता

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../अ-6/2024-25
पक्षकार: इश्ताक अहमद
पिता रफीक अहमद... आवेदक
बनाम
चंद्रशेखर शर्मा पिता रामदत्त शर्मा... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इश्ताक अहमद पिता रफीक अहमद निवासी महिमा टावर बी-9 तालापारा रोड राजीव गांधी चौक पास जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा नजूल शीट नं. 05 प्लाट नं. 14/11 रकबा प्रकोष्ठ क्रमांक 209 रकबा 850 व.फु. जो महिमा टावर मे स्थित है। उक्त प्रकोष्ठ को आवेदक के द्वारा अनावेदक चंद्रशेखर शर्मा पिता रामदत्त शर्मा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.06.2025 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 21/7/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 4/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**// आम सूचना //**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अंतर्गत मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक **ई.डब्ल्यू.एस.-93** आबंटी **श्री रामप्रताप सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री बलवंत सिंह ठाकुर** के द्वारा क्रय किया गया है। आबंटी श्री रामप्रताप सिंह ठाकुर, की दिनांक **09.01.2024** को मृत्यु हो गई है। आबंटी के पत्नी **श्रीमती पूर्णिमा राजपूत** पति स्व.रामप्रताप सिंह ठाकुर द्वारा उक्त भवन को नामांतरण किए जाने हेतु स्वयं का शपथपत्र के साथ आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण /हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.. ..../ 24-25
स्थान- कोयलारी, प.ह.न. 44

एतद द्वारा ग्राम कोयलारी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदक आवेदक कोदू राम पिता पिंगवा जाति साहू निवासी ग्राम कोयलारी तहसील लोरमी जिला मुंगेली द्वारा आवेदन किया गया है कि ग्राम कोयलारी स्थित ख.नं. 93/2 रकबा 0.015 ए. 0.061 हे. भूमि राजस्व रिकॉर्ड है जगदीश पिता स्व.लालजी वगैरह के नाम पर दर्ज है जिसे विक्रेता जगदीश पिता स्व.लालजी जाति बानी से आवेदक कोदू राम पिता पिंगवा जाति साहू द्वारा बैनामा दिनांक 06/05/2002 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को आवेदक अपने नाम पर बैनामा स्टाम्प के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह दिनांक 16/07/2025 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुदा अंकित कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 424/RTO/25 दिनांक 19/06/2025

श्री **श्री सालासार ट्रेडर्स** (रजिस्टर्ड)। है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.के. 9936** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।


उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन की स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख.....

**Registered Authorty**
**Bilaspur(C.G)**

online Booking:-www.tripuryatra.com




गोवा-बाम्बे

महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच

19 जुलाई, 14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर

राशि:-स्लीपर-12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### चोरी की नीयत से दुकान में घुसा, मालिक ने पकड़ा

**बिलासपुर।** रिवर व्यू स्थित साउथ कैफे में बीती रात चोरी की नियम से एक चोर दुकान का ताला तोड़ कर घुस गया। रात ज्यादा होने पर चोर दुकान में ही सो गया, सुबह दुकान के मालिक ने दुकान खोली, इस दौरान चोर आराम से सो रहा था। दुकान मालिक ने आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार घटना रिवर व्यू के साउथ कैफे की है। दुकान संचालक करण नादम पिता उमेश नादम रोज की तरह दुकान बंद कर गुरूवार को घर चला गया। शुक्रवार की सुबह 9 बजे दुकान पहुंचा तो इस दौरान दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था। उसे चोरी की आशंका हुई और वह दुकान का शटर उठाया, इस दौरान दुकान में आरोपी युवक आराम से सो रहा था। संचालक ने उसे उठाया और उससे पुछताछ की। इस दौरान आरोपी ने अपना नाम राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी बताया। दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ था और 700 रूपए चोरी हो चुके थे। संचालक ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गतौरा स्थित डीपो में ना तो पानी की व्यवस्था थी और ना शौचालय की | मुंगेली, जीपीएम, जांजगीर, रायगढ़, जशपुर के स्कूलों के शिक्षक भी पहुंचे

# सरकारी किताब लेने पहुंचे संभाग के शिक्षकों को करना पड़ा रतजगा, डिपो में हंगामा, विवाद


शुक्रवार को पुस्तक लेने आए दूर-दराज से शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाठ्यपुस्तक निगम डिपो में शुक्रवार को एक बार फिर हंगामा हुआ। संभाग भर के दूर-दराज के जिलों से आए निजी स्कूलों के शिक्षक किताबों के वितरण में अनियमितताओं से परेशान हो गए। 80 से अधिक स्कूलों के शिक्षक सुबह 8 बजे से डिपो में डटे रहे, लेकिन किताबें तभी दी जा रही थीं, जब हर एक पुस्तक को मोबाइल ऐप से स्कैन किया जाए।

सर्वर बार-बार डाउन होने से स्कैनिंग में घंटों लग गए। हालांकि दोपहर बाद जब स्कैनिंग नहीं करने और सीधे वितरण करने कहा गया तो स्थिति सुधरी। इस दौरान खास तौर पर महिला शिक्षक अधिक परेशान हुई। गतौरा स्थित डिपो में ना तो पानी की व्यवस्था थी और ना शौचालय की। बिना छांव और पानी के जमीन पर बैठाकर स्कैनिंग करवाई जा रही थी। कई शिक्षकों ने तो गुरुवार दिन भर और रात भर वहीं गुजारी फिर भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। कई स्कूल बिना किताब लिए लौट गए, जबकि दूर से आए शिक्षक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। भूखे-प्यासे शिक्षकों ने विरोध जताया शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया।

### अब किताबों के वितरण में परिवर्तन

भारी अव्यवस्था और विरोध के बाद हालांकि पाठ्य पुस्तक निगम ने किताबों के वितरण में परिवर्तन किया है। पापुनि ने डिपो में ही बैठकर किताबें स्कैन करने के निर्णय में सुधार करते हुए स्कूलों को किताबें उठाने के पश्चात अपने स्कूल में ही स्कैन करने की छूट दी है। साथ ही यह भी कहा है कि स्कूलों को पुस्तक ले जाने के बाद 7 दिन में पुस्तकों को स्कैन कर रिपोर्ट भी देनी होगी। ध्यान रहे कि निगम की ओर से जारी किए पत्र में अशासकीय स्कूलों में राज्य के 6 डिपो से 25 दिनों के भीतर किताबें स्कैन करने के बाद ले जाने को कहा गया था। राज्य में 8284 स्कूल संचालित हैं। कई जिलों को बहुत कम समय मिला था और स्कूल के पास हजारों किताबों को स्कैन करना भारी पड़ रहा था। इसके कारण उन्हें अपने शिक्षकों के साथ डिपो जाना पड़ रहा था उसके बाद भी उन्हें काफी वक्त लग रहा था। राज्य में अभी बिलासपुर, अंबिकापुर, रायपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ में अशासकीय विद्यालयों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया जा रहा है।

### क्लास और दर्ज संख्या के हिसाब से किताबें

- पहली से आठवीं तक के एक बच्चे के लिए 6 किताबें
- नौंवीं और दसवीं कक्षा के एक बच्चे के लिए 7 किताबें
- ग्यारवीं और 12 वीं कक्षा के एक बच्चे के लिए 5 किताबें

### जिले के 750 स्कूलों में जानी हैं किताबें

बिलासपुर जिले की बात करें तो 750 के करीब स्कूलों में किताबें जानीं हैं। इन्हीं किताबों के वितरण का काम दो दिन पहले शुरू किया गया है। किताबों को लेने पहुंचे शिक्षकों को लेकिन काफी परेशानी हो रही है। ज्यादातर किताबें स्कैन ही नहीं हो रहीं थीं। इस कारण देरी हुई और शिक्षक परेशान हुए। हाल यह रहा कि पहले तो किताबें लेने के लिए घंटो लाइन में लगना पड़ा। इसके बाद उन्हीं किताबों को स्कैन करने में कई घंटे लगे। शिक्षकों के मुताबिक स्कूल की दर्ज संख्या और कक्षाओं के आधार पर किताबों की संख्या तय होती है। पुस्तक लेने पहुंचे राष्ट्रीय पाठशाला के शिक्षक ने बताया कि उन्हें पहली से लेकर 10 वीं तक की कक्षा के लिए 638 किताबें लेनी हैं। जिसमें काफी समय लगा।

### स्कैनिंग में लग रहा काफी समय

आदेश के मुताबिक हर स्कूल को उनके बच्चों के हिसाब से हजारों किताबें बांटनी थी। इसलिए स्कैनिंग करने में ही सभी को काफी समय लग रहा था। वहीं, सर्वर भी ठीक से काम नहीं कर रहा था। इसके चलते शिक्षक परेशान हो रहे थे। वहीं डिपो में पीने का पानी, प्रसाधन जैसी सुविधाएं भी नहीं थी। कई शिक्षक रात तक रूक कर स्कैनिंग का कार्य कर रहे थे। ऐसी ही कई दिक्कतों का सामना स्कूल संचालकों और करना पड़ रहा था।

### बदला गया है नियम

सरकारी पुस्तकों के वितरण में अनियमिता की रोकथाम के लिए सरकार ने स्कैन पद्धति से पुस्तक वितरण करने का निर्णय लिया है। निजी स्कूलों को किताब वितरण में स्कैनिंग करने में दिक्कत आ रही थी। चूंकि वर्तमान में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है अतः छात्रों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया कि किताबों का वितरण अशासकीय स्कूलों को कर दिया जाए और निजी स्कूलों को छूट प्रदान की गई है कि 7 दिनों के अंदर किताबों का स्कैन करके उसकी रिपोर्ट पाठ्य पुस्तक निगम में जमा कराएं।

- राजा पांडेय, अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम

## ट्रेन में यात्रियों की भीड़...



# लेट पहुंची टिटलागढ़ को किया गया रिशेड्यूल

**बिलासपुर।** बुधवार की रात टिटलागढ़ से बिलासपुर लेट पहुंची पैसेंजर को दूसरे दिन सुबह दो घंटे रिशेड्यूल किया गया, जिसकी वजह से यात्री काफी परेशान रहे। एक दिन पहले लेट होने की वजह से टिटलागढ़ की ओर रवाना करने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर को तीन घंटे विलंब से कोचिंग डिपो से भेंजा गया। यह ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म नम्बर एक पर पहुंची, वैसे ही सभी कोच में सवार होने के लिए यात्रियों के बीच में भगदड़ मच गई। इस दौरान बर्थ के लिए काफी मारामारी होने के कारण बिलासपुर से ट्रेन रवाना होने के बाद कई लोगों को बैठने की जगह भी नहीं मिल सकी।

# शराब पीने मांगे रुपए, नहीं देने पर युवक पर हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** मंगला शराब भट्ठी में शराब पीने के लिए रूपए नहीं देने पर बदमाश ने शराब की शीशी से युवक सिर फोड़ दिया। इस दौरान आदतन बदमाश ने युवक के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। राजाबाड़ा मंगला निवासी कुंदन पटेल खेती-किसानी और सब्जी व्यवसाय करता है। गुरूवार की शाम 4 बजे वह शराब भट्ठी पहुंचा, इस दौरान अमित यादव उर्फ फोनी वहां आया और शराब पीने के लिए रूपए की मांग करने लगा। कुंदन के मना करने पर अमित ने अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए शराब की शीशी से उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले से कुंदन के दाहिनी आंख के नीचे, माथे, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं, जिससे खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। कुंदन को उसके भतीजे द्वारा अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी अमित यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### आबकारी का अमला नदारद

मंगला, कोनी, मिनी बस्ती, सिरगिट्टी, सरकंडा सहित कई क्षेत्र में शराब के लिए रूपए मांगने और झगड़े होने की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार लोगों पर जानलेवा हमला हो रहे हैं, लेकिन आबकारी का अमला लोगों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरत रहा है। अधिकारियों का दावा है कि गार्ड तैनात हैं, लेकिन निहत्थे गार्डों से आदतन बदमाश नहीं संभल सकते हैं। वहीं कई भट्ठी में सीसी टीवी कैमरे भी बंद हैं।

# लूट का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल, बुलेट व रकम बरामद

**बिलासपुर।** 15 दिन पहले ढेका से 10 हजार रूपए की लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों में से एक आरोपी को पकड़ने में तोरवा पुलिस को कामयाबी मिली है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक और रकम की बरामदी कर ली गई है। मामले में अन्य आरोपी फरार हैं।



- मामले में अन्य आरोपी फरार

मामले के अनुसार घटना 14 जून की है। ढेका स्थित सुनील घोरे के घर से सामने से अज्ञात आरोपियों द्वारा विकास तिवारी से मारपीट करते हुए 10 हजार रूपए की लूट को अंजाम दिया था। मामले में विकास तिवारी की मां ने तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर सूचना के आधार पर घटना में सागर यादव , अनुराग सोनकर, मोहित सोनकर व अन्य साथी के शामिल होने की बात सामने आई। सूचना मिली कि सागर यादव बिना नंबर के बुलेट से रेलवे स्टेशन तरफ घूम रहा है।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और पुलिस ने हिरासत में लेकर पुछताछ की। उसने बताया कि अनुराग सोनकर, मोहित सोनकर अन्य साथी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपी से बिना नंबर के बुलेट व रकम बरामद की गई है। मामले में पुलिस ने बिरकोना निवासी आरोपी सागर यादव पिता संतोष यादव उम्र 22 साल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पांच जगहों पर बनेंगे वेंडिंग जोन, चार स्थानों पर नानवेज मार्केट की भी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पांच जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने जाएंगे। इसके साथ ही 4 जगहों पर नानवेज मार्केट भी बनाए जाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि जिला खनिज न्यास से स्वीकृत भी की गई। निगम के मुताबिक जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया है और जल्द ही काम शुरू होगा। निगम ने तय किया है कि वेंडिंग जोन व्यापार विहार में, लिंगियाडीह में अपोलो हास्पिटल के पास मानस लाज के बगल में, उसलापुर में पौनी पसारी योजना के बगल में, चंद्रिका होटल के पीछे और चांटीडीह सब्जी बाजार के पास बनाया जाएगा। इसके साथ ही नानवेज मार्केट मोपका, सकरी, शनिचरी और व्यापार विहार में बनाए जाएंगे।

- जिला खनिज न्यास से साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

देखा जाए तो शहर और उसके आसपास जनता के लिए बनाए गए फुटपाथ धीरे-धीरे अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए और वर्षों से नए बने ही नहीं। पिछले एक दशक में शहर के दर्जनभर से अधिक स्थानों पर दो करोड़ रुपए से अधिक के फुटपाथ बनाए गए। इनमें से अधिकांश पर अब कब्जा हो चुका है। सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। वर्ष 2008 के चुनाव के दौरान तालापारा में बनाए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। रिंग रोड नंबर 2, मंगला से लेकर कलेक्टोरेट तक सरकंडा में हर जगह सड़कों और फुटपाथों पर ठेले हैं।

### 200 से अधिक कियोस्क लगाए जाएंगे

निगम के मुताबिक वेंडिंग जोन के बनने से ठेले वालों को काफी लाभ होगा। उन्हें स्थाई दुकान मिल जाएगी। साथ ही पानी और बरसात में भी समस्या नहीं होगी। साथ ही शहरवासियों को भी धूलरहित, स्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। इसके लिए चुनिंदा स्थानों पर आकर्षक गुमटियां (क्योस्क) लगाई जाएंगी। फिलहाल शहर में रिवर व्यू रोड पर क्योस्क लगाए गए हैं। इनमें खाद्य पदार्थ अधिक समत तक ताजा व सुरक्षित रखे जा सकते हैं। इस प्रकार की गुमटियों की स्थापना करने के लिए ही वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। यहां 200 क्योस्क लगाए जाएंगे। इससे शाम को सैर के लिए निकलने वालों को हल्का सुस्वादु खाद्य मिल सकेगा, वहीं सड़क पर यहां वहां घूम घूमकर ठेला लगाने वालों को बेहतर वातावरण में रोजगार का अवसर मिल सकेगा।

### विकसित होंगे वेंडिंग जोन

सड़क, फुटपाथ, नाली या किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब ठेला लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोशिश है कि हर वार्ड में जमीन की उपलब्धता के अनुसार स्थायी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। फिलहाल पांच जगहों पर वेंडिंग जोन और चार जगहों पर नानवेज मार्केट बनाया जा रहा है। इसके लिए डीएमएफ से राशि भी स्वीकृत हो गई है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### झांसा देकर दैहिक शोषण आरोपी अधेड़ गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर लगातार 3 सालों तक महिला के साथ बलात्कार करने वाले 52 वर्षीय अधेड़ को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। 2 जुलाई को प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया था कि दीन दयाल कालोनी निवासी 52 वर्षीय राजेश जयसवाल से उसकी जान पहचान साल 2022 में हुई थी। राजेश जयसवाल प्रार्थिया से शादी का वादा कर चुका था और 2022 से उसके घर कांटीखार आता जाता रहा है, इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध बन गए। आरोपी प्रार्थिया को शादी का झांसा देते हुए लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। प्रार्थिया ने आरोपी के कहने पर अपना घर बेच कर दीन दयाल आ गई। इस दौरान प्रार्थिया को अपनी पत्नि के तरह रखकर शारीरिक संबंध बनाता रहा लेकिन कुछ दिनों से उसका मन बदलने लगा और उसने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। जिससे परेशान होकर प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिसने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को दीनदयाल कालोनी से गिरफतार कर जेल भेज दिया है।




30 बैटरी बरामद, खरीददार भी चढ़ा हत्थे

# बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर में ई रिक्शा चोरी होने की घटनाएं बढ़ चुकी है। ऐसे में ही मामले में देवनगर बिरकोना निवासी जमील खान के साथ भी घटित हुई। 30 जून को ई रिक्शा क्रमांक सीजी 10 बीआर 2974 शनिचारी चांटीडीह से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ई रिक्शा में लगने वाले बैटरी को ई रिक्शा में लेकर बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है। टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर तत्काल मुखबिर के सूचना तस्दीक हेतु टीम मौके पर भेजा गया, घेराबंदी कर संदेही रमेश देवांगन को हिरासत मे लिया गया और उसने बताया कि शौक पूरा करने के लिए अपने साथी कुश देवांगन एवं विनय मौर्य के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में कई जगह से ई-रिक्शा में लगने वाली बैटरी को चोरी करता है। उसने प्राथी के ई रिक्शा एवं बैटरी को छिपाकर रखना एवं करीब 15 नग बैटरी को रायपुर गुढ़ियारी में बिक्री करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर गुढ़ियारी रायपुर से खरीददार जय प्रकाश ठाकरे के कब्जे से 15 नग बैटरी बरामद किया गया। इस दौरान एसआई शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, बलवीर सिंह, विवेक राय, संजीव जांगड़े ,एस के पाटले, विकास यादव का सहयोग रहा।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

- रमेश देवांगन पिता स्व. मनहरण देवांगन उम्र 38 वा निवासी अमरैया चौक दुर्गा मंदिर।
- विनय मौर्य पिता बरसातू लाल मौर्य उम्र 45 वर्ष निवासी अमरैया चौक चिंगराजपारा।
- कुश देवांगन पिता स्व. गणेश देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी कतियापारा जूना बिलासपुर।
- जय प्रकाश ठाकरे पिता स्व. सेजलाल ठाकरे उम्र 35 वर्ष निवासी सीतानगर गोगांव गुढ़ियारी रायपुर।


सुमीत बाजार TM
प्रीमियम ब्रांडेड कोटसूट, शेरवानी, ब्लेजर, इंडो वेस्टर्न, जोधपुरी, जीन्स, ट्राउजर, शर्ट, टीशर्ट एवं कोर्ड सेट
मेन्स वियर
SALE
SPECIAL OFFER BUY 1 GET 1 FREE*
*Sale on selected product
स्पेशल ऑफर
फैंसी पार्टी वियर फार्मल एवं केजुअल पेंट ₹499
फैंसी ब्रांडेड शर्ट ₹499
मानसून स्पेशल ड्राईफिट लोवर ₹199
प्रीमियम डाउन शेल्डर टीशर्ट ₹149
KILLER
integriti
CUSTOM JEANS
FFREAK
APPOLLO
easies BY KILLER
TURTLE
Cross Color
TWILLS
MONTE CARLO
AMENDUS
FRESH & LATEST
*condition apply
OFFER 05 JULY TO 31 JULY
साड़ियाँ
SALE
UP TO 50%* OFF
*Sale on selected product
● डोला सिल्क ● टसर सिल्क ● पटोला कॉटन सिल्क
● बैंगलोर सिल्क ● साउथ कॉटन ● सिन्थेटिक प्रिंट्स
● कॉटन प्रिंट ● डिजाईनर साड़ी ● मसलीन प्रिंटेड साड़ी
● लिनन एम्ब्रायडरी प्रिंटेड साड़ी ● काँजीवरम साड़ी
● नववारी साड़ी ● जार्जेट एवं सिफॉन साड़ी
● डोला प्रिंटेट ● मैसूर साड़ी
*condition apply
स्पेशल ऑफर
साऊथ सिल्क साड़ियाँ BUY 1 GET 2 ₹749
1 साड़ी खरीदने पर 2 साड़ियाँ फ्री
लिनन प्रिंट साड़ियाँ BUY 1 GET 1 ₹499
1 साड़ी खरीदने पर 1 साड़ियाँ फ्री
डिजिटल चंदेरी साड़ियाँ BUY 1 GET 1 ₹799
1 साड़ी खरीदने पर 1 साड़ियाँ फ्री
डोला मीना सिल्क डिजिटल जेकार्ड सिल्क साड़ियाँ BUY 1 GET 1 ₹999
1 साड़ी खरीदने पर 1 साड़ियाँ फ्री
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर